## तेजाजी महाराज के मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**बिजयनगर,** (निसं)। तेजा चौक स्थित लोक देवता तेजाजी महाराज के थान पर प्रातः काल से ही दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

लोक देवता वीर तेजाजी महाराज के दर्शनों के लिए पहुंचे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र सहित शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने दूध, खीर, चूरमे का भोग चढ़ाया। श्रद्धालुओं ने नारियल फूलमाला अगरबत्ती चढ़ाकर दर्शन करते हुए सुख समृद्धि की कामना की। मेले की पूर्व संध्या पर तेजाजी महाराज के थान से तेजाजी महाराज की ज्योत शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई । गुरुवार रात्रि को तेजा चौक में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें योगी म्यूजिकल ग्रुप ब्यावर के लोक कलाकारों एव प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई ।तेजाजी की थान पर जाट छात्रावास बरल ग्राम माली समाज नाडी मोहल्ला इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा परंपरागत रूप से झंडा चढ़ाया गया । थान के भोपा दुदाराम गुर्जर, ओम प्रकाश चौधरी, जगदीश माली, रामस्वरूप माली, कल्याणमल माली, रतनलाल गुर्जर, गोविंद शर्मा, प्रदीप जयपाल तरुण तौषिक सहित मेला कमेटी के सदस्य व्यवस्थाओं के लिए मौजूद रहे ।

# भाई बहन ने सरोवर में कूदकर आत्महत्या का किया प्रयास

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के पवित्र सरोवर के कोटा घाट पर शुक्रवार की दोपहर को एक युवक और एक युवती ने सरोवर में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनों को सरोवर में कूदता देख वहां मौजूद लोगों व तीर्थ पुरोहितों ने तुरंत प्रभाव से सरोवर में छलांग लगाकर दोनों की जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।

- **पुष्कर सरोवर के किनारे बल्लभघाट पर किया प्रयास, तीर्थ पुरोहितों, यात्रियों ने बचाया**
- **दोनों गुजरात के रहने वाले, पुलिस कर रही मामले की जांच**

जानकारी मिलते ही एसआई गिरधारीलाल मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और दोनों से पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि दोनों युवक-युवती रिश्ते में मौसी के भाई बहन बताए तथा दोनों का मानसिक संतुलन सही नहीं होने के कारण पवित्र सरोवर में कूदकर दोनों ने आत्महत्या का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि युवक अजय परमार पुत्र स्वजी भाई उम्र 29 वर्ष गोकुल नगर जामनगर तथा युवती कनजरिया कवि पुत्री रणछोड़ भाई जाति शतावरिया उम्र 22 वर्ष बड़ौदा के रहने वाले बताए । दोनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट गुजरात में दर्ज है।




**एसआई गिरधारीलाल मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और दोनों से पूछताछ की।**

मामले की जानकारी गुजरात पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने दोनों के घर वालों को सूचना दे दी । दोनों को लेने के लिए गुजरात से पुलिस पुष्कर बुलाया गया है।

## पैर फिसलने से नाडी में गिरा किसान, डूबने से हुई मौत

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ निकटवर्ती सूरजपुरा गांव में नाडी में डूबने से एक अधेड़ किसान की मौत हो गई।

जानकारी मिलते ही सरवाड़ पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजपुरा निवासी कैलाश माली पुत्र रुपा माली (49) शुक्रवार सुबह मुरडिया सागर नाडी की पाल पर होते हुए घर से खेत पर जा रहा था। इसी बीच चिकनी मिट्टी के कारण पैर पाल पर फिसल गया चिकनी मिट्टी के कारण कैलाश नाडी में गहरे पानी में जा गिरा। आस पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने देख लिया। इस बीच सूचना कैलाश के परिवारजनों को दी गई। ग्रामीणों ने कैलाश को बाहर निकाल कर केकड़ी स्थित राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने कैलाश को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई सूचना पर सरवाड़ थाना पुलिस के हैड कांस्टेबल कजोड़ मीणा मय पुलिस जाब्ता केकड़ी अस्पताल पहुंचे और शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

## तेजाजी धाम पर भक्तों की उमड़ी भीड़

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर के सूर्य तलाई पर स्थित तेजाजी धाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही वहीं शहर साहित उपखंड क्षेत्र से श्रद्धालु तेजाजी महाराज के पहुंचकर नारियल दूध जलेबी का भोग लगाया। इस अवसर पर तेजाजी धाम पर अनेक बिंदोरी तेजाजी धाम पर पहुंची श्रद्धालु नाचते-गाते हुए मंदिर पहुंचे वहीं एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन भी किया गया इस मेले में अलग-अलग प्रकार की दुकानें भी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने मेले का लुफ्त उठाया। वहीं तेजाजी धाम पर दर्शन के लिए हजारों की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।


**आम सूचना**

मेरी माता सुशीला पत्नी रामनिवास जाति ब्राह्मण निवासी सिरोंज की मृत्यु दिनांक 12.11.2011 को मेरे निवास स्थान सिरोंज में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता सुशीला का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मयदस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी -सुरेन्द्र पुत्र रामनिवास जाति ब्राह्मण निवासी सिरोंज तह. अराई (अजमेर)



**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें में वसीयतग्रहीता की मृत्यु होने पर संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 226 क्षेत्रफल 46.84 वर्ग गज आवंटी श्री राकेश कुमार गोयल पुत्र श्री मांगी लाल निवासी E 119 शास्त्री नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 17/01/2004 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक15/05/2004) को निष्पादित किया गया, तत्पश्चात श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कीमत राय की मृत्यु दिनांक 04/04/2013 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1 श्रीमती पार्वती पत्नि स्व. श्री अशोक कुमार 2 जितेंद्र कुमार भागचंदानी पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार 3. प्रेम पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार निवासी 226 पसंद नगर पुष्कर रोड अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

क्रमांकः न.नि.अ./24-25/भवन/452 **आपत्ति सूचना** दिनांकः 12/9/2024

श्री कमल शाहनी पुत्र श्री विजय शाहनी निवासी बी -566 पंचशील नगर माकडवाली रोड अजमेर एवं श्री अजय कुमार ठाकुर पुत्र श्री मोतीलाल ठाकुर निवासी स्कूल केम्पस एच. के. एच. पब्लिक स्कूल वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 149/10 77/3 लोहागल रोड अजमेर जो भूखण्ड संख्या 05 क्षेत्रफल 153.22 वर्गगज व भूखण्ड संख्या 05 ए क्षेत्रफल 176.66 वर्गगज भूखण्ड संख्या 3 क्षेत्रफल 100.22 वर्गगज भूखण्ड संख्या 4 क्षे.फल 108.19 वर्गगज है अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 450.06 वर्गमीटर व 538.29 वर्गगज है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व - सम्पति श्री कैलाश माथुर | पश्चिम- लोहागल रोड

उत्तर - आम रास्ता | दक्षिण - सम्पति श्री फखरेमोईन

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर - अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर


## सप्तम राष्ट्रीय पोषण महा अभियान आयोजित

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा कस्बे में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने सप्तम राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत मातृ सम्मेलन व पोषक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर द्वारा संतुलित आहार के लिए प्रेरित किया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर्वतीय सेन द्वारा बताया कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार का सेवन, फोलिक एसिड और आयरन जैसी आवश्यक पोषक तत्व का सेवन करना, नियमित जांच और स्वास्थ्य सलाह लेना, शारीरिक गतिविधियां और आराम का संतुलन बनाना। यशोदा वैष्णव ने कहा स्तनपान के दौरान महिलाओं को संतुलित आहार का सेवन पर्याप्त पानी पीना आवश्यक पोषक तत्वों का सेवन स्तनपान की तकनीक और सावधानियां के बारे में जानकारी प्राप्त करना स्तनपान के दौरान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आदि पर जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मधु जीनगर ,रतन कंवर व इंद्रा ने बताया कि पोषण सप्ताह एवं गोद भराई कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ उपस्थित माताओं और गर्भवती महिलाओं को बच्चों में कुपोषण की पहचान करने के लिए बच्चों के सही वजन, लंबाई व भुजा की माप के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कुपोषित बच्चों के उपचार लिए आवश्यक संतुलित आहार जैसे बाजरे की रोटी, राबड़ी, चावल, सातधान के हलवे, दालो व अन्य फल तथा सब्जियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किस प्रकार के भोजन से शरीर में आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन व अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति की जा सकती है।

- **गर्भस्थशिशु के आहार की उपयोगिता बताई, गोद भराई की**

## खेत पर रखवाली करते समय किसान की तबीयत बिगड़ी

**आसींद,** (निसं)। बदनौर थाने के अंतर्गत एक काश्तकार की खेत पर रखवाली करते समय तबीयत बिगड़ गई जिसको आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बदनोर पुलिस ने बताया कि मदनलाल ढोली 49 वर्षीय निवासी गड़वाई गुरुवार रात्रि को अपने खेत की रखवाली करने गया शाम को जो वापस घर पर नहीं आया परिवारजन और ग्रामीण जन खेत पर गए जो खेत पर बने मकान पर अचेत अवस्था में मिला जिसको आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मदन लाल ढोली की पत्नी सीता देवी की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है अब इसके तीन लड़के हैं रमेश चंद्र 18 वर्षीय, चेतन प्रकाश 14 वर्षीय, सोनू ढोली 12 वर्षीय टीनू बालको पर पहाड़ टूट गया ।

# तेजाजी की ध्वजा एवं ज्योत यात्रा निकाली

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद के निकटवर्तीय ग्राम बरना गांव में गौ रक्षक सत्यवादी वीर तेजा जी महाराज की 921वीं जन्मजयन्ती के उपलक्ष में बराना के समस्त ग्राम वासीयों के द्वारा ध्वज (निशान) एवं ज्योत यात्रा निकाली। यात्रा बराना तेजाजी महाराज के स्थान से शुरु होकर पूरे गांव में डीजे एवं ढोल बजाकर बड़ी धूमधाम से भक्त नाचते गाते तेजा जी महाराज के जयकारे के साथ खाकूलदेव जी महाराज के स्थान पर निशान एवं जोत लेकर गये।

इसके बाद में बराना से 3 किलोमीटर पैदल चलकर सैकडों कि संख्या में ग्रामीण ठिकरिया खेंडा तेजा जी महाराज के मंदिर पहुंचे। वहां पर समस्त ग्राम वासीयों के द्वारा पैदल यात्रियों को माला पहनाकर तिलक लगाकर स्वागत किया।

तेजाजी महाराज के थान पर निशान (ध्वज) चढ़ाया जोत को मन्दिर में रखा। इसके बाद सभी ने खीर और पुडी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सेवारत सैनिक कमांडो रामेश्वर लाल भदाला हेमराज, डालु जाट ,घासी जाट देवराज, शंकर,तेजमल, उदयराम, लेहरू, रामदयाल, दिनेश, सम्पत जाट हरदेव, गोपाल लाठी, नानूराम जगदीश, सम्पत, सुरेश, पुजारी हेमराज जाट महादेव जाट सहित सैंकडों की संख्या में ग्रामीण थे।



**बरना गांव में वीर तेजाजी महाराज की 921वीं जन्मजयन्ती के उपलक्ष में ध्वज ( निशान ) एवं ज्योत यात्रा निकाली।**


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/2955 **आम सूचना** दिनांक : 10.9.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| भवन निर्माण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फाइल नं. | आवेदनकर्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
| 80 | मोहम्मद साबिर पुत्र मोहम्मद अनीश | बद्री विशाल कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 2158/1136 भू.सं. 82 | 92.9 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर



**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारी द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गणेश गुवाड़ी योजना के आवसीय भूखण्ड संख्या G 374 क्षेत्रफल 50 वर्ग गज के आवंटी श्री श्यामसुन्दर नाथानी पुत्र श्री ढोलूमल नाथानी निवासी म. नं 462 शास्त्रीनगर, दादाबाड़ी, कोटा की मृत्यु दिनांक 16.01.2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसानों क्रमशः श्रीमती रितु शर्मा पत्नी श्री कमलेश शर्मा, स्नेहा अचनतानी पत्नी श्री राकेश अचनतानी, नीता भागवानी पत्नी इन्द्र भागवानी, उषा खतूरिया पत्नी संजय खतूरिया, प्रीति टहलयानी पत्नी प्रशांत टहलयानी समस्त पुत्रियां व श्री जगदीश नाथानी (पुत्र) श्री श्यामसुन्दर नाथानी द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती कमला नाथानी पत्नी श्री श्यामसुन्दर नाथानी के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 25.01.2019 पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर


# उत्तर पश्चिम रेलवे मनाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**अजमेर,** (कासं)। हर वर्ष की भांति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर रेलवे द्वारा उनके स्वच्छता के प्रति संकल्प को पूर्ण करने के लिये स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाकर उनके स्वप्न को साकार करने का प्रयास किया जाता है। भारतीय रेलवे पर लगातार स्वच्छता में सिरमौर उत्तर पश्चिम रेलवे स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर इस वर्ष 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का, स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता थीम पर आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' के रूप में मनाया जायेगा।

- **2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर होगा स्वच्छ भारत दिवस**

महाप्रबंधक अमिताभ के दिशा निर्देशानुसार 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलों, कारखानों, एवं अन्य इकाइयों में कई गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों, स्वास्थ्य इकाइयों एवम रेलवे ट्रैक में श्रमदान के माध्यम से गहन स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता चौपाल लगाई जाएगी जिसके द्वारा ग्रामवासियों को ट्रेनों, रेलवे स्टेशनों और रेल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया जाएगा।

इस स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफ़ाई कर्मचारियों और उनके परिवारों के हित के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मैराथन, साइक्लोथन, खेल प्रतियोगिताओं तथा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल गतिविधियों व कचरे से कलाकृति बनाने तथा रिसाइकल्ड उत्पादों की बिक्री पर विशेष बल दिया जायेगा। स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट स्थापित किए जायेंगे एवम स्वच्छता प्रतिज्ञा, नुक्कड़ नाटक, इत्यादि द्वारा रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों तथा अन्य रेलवे परिसर पर शून्य अपशिष्ट पहल जैसी घटनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हाइलाइट और साझा किया जाएगा। युवाओ में जागरूकता फैलाने के लिए कविता, निबंध, पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिताएं किया जाएगा।

## दीक्षारंभ समारोह सम्पन्न

**आसीन्द,** (निसं)। महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह (फ्रेशर डे) का आयोजन शुक्रवार को किया गया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का मोली बांधकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना एवं संस्था गीत से हुआ नव प्रवेशित छात्र छात्राओ ने रैंप वाक, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओ में उत्साहपूर्वक भाग लिया पूर्व विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर विभिन्न साहितियिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

साधना चौधरा, पूजा सेन एवं शेफाली संचेती ने उक्त प्रतियोगिताओ में निर्णायक की महत्ती भूमिका का निर्वहन किया। आशुतोष को मिस्टर फ्रेशर व वैदेही कँवर को मिस फ्रेशेर चुना गया एवं रनर अप दितीय स्थान पर आयुष शर्मा एवं हर्षनंदिनी कँवर रही । कार्यक्रम का संचालन अंकुश पुरोहित और यासीन पिनारा ने किया।

# 68वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**मसूदा,** (निसं)। श्री सीमेंट यूनिट हेड विनय कुमार सक्सेना के मुख्य आतिथ्य एवं मसूदा ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी शिवा की अध्यक्षता एवं सरपंच प्रतिनिधि जवान सिंह रावत के विशिष्ट अतिथि में अंधेरी देवरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ।

कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं, उपविजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया, खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, तकनीकी सलाहकार, निर्णायकों व चयन समिति के सदस्यों को माला,साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया । प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन 17 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता फाइनल मैच में भगत सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतारण विजेता व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतरपुरा उपविजेता रही। 19 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता में विनायक पब्लिक स्कूल आनन्दपुर कालू विजेता व भगतसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम उपविजेता रही। समारोह के समापन पर विजेता उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल व मूमेंटो और चैंपियनशिप ट्रोपी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानपूर्वक प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विनय कुमार सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहां कि सभी वर्ग के बच्चे अधिक से अधिक खेलों में आगे बढ़े,और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सुरडिया, पंचायत समिति जवाजा**

क्रमांक:-निविदा/निर्माण/2024-25/96 दिनांक 30.08.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

ग्राम पंचायत सुरडिया में निर्माण कार्य हेतु पंचायत समिति जवाजा सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निर्माण कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क / धरोहर राशि /प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाइट www. eproc. rajasthan gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड / कार्यालय मे कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB NO :- PAB2425A0034

UBN NO:- PAB2425WSRC00101

सरपंच, ग्राम पंचायत सुरडिया, प.स. जवाजा(ब्यावर) | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सुरडिया, प.स. जवाजा(ब्यावर)



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर**

क्रमांकः LU2012/ADA/2024-25/101286 **लोक सूचना** दिनांकः 12/09/2024

श्री VISHNU PARCHEY पुत्र श्री RAM RATAN PARCHEY जाति BHANGI निवासी INDRA COLONY, KRISHANGANJ, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तिलोरा, पुष्कर (अजमेर) | VISHNU PARCHEY | 391 | 2800 | 0.28 |
| 2. | तिलोरा, पुष्कर (अजमेर) | VISHNU PARCHEY | 393 | 500 | 0.05 |
| 3. | तिलोरा, पुष्कर (अजमेर) | VISHNU PARCHEY | 396 | 11000 | 1.1 |
| | | | | कुल | 1.43 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90- A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 12-09-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


## तीन दिवसीय बालाजी मेला 16 से

**अजमेर,** (कासं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 85वां वार्षिक मेला 16 सितम्बर सोमवार से 18 सितम्बर बुधवार तक श्री कार्य सिद्ध बालाजी मंदिर राजमोहन गंगेश्वर आश्रम रामगंज अजमेर में श्री महंत शशि गिरी महाराज के सानिध्य में पूर्ण भक्ति भाव व हर्षोल्लास के साथ भरा जायेगा।

मंहत सचिव सागर मीणा ने बताया कि श्री कार्य सिद्ध बालाजी मंदिर हर वर्ष वार्षिक मेला का आयोजन करता है जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरूष व बच्चे भाग लेते हैं। इस वर्ष भी तीन दिवसीय वार्षिक मेला 16 सितम्बर से 18 सितम्बर तक भरा जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से 16 सितम्बर सोमवार को प्रातः 5 बजे ध्वजरोहण व रात्रि 8 बजे सुन्दर काण्ड एवं भजन संध्या जागरण का कार्यक्रम, 17 सितम्बर मंगलवार को बालाजी का मेला व भव्य राम-रथ शोभा यात्रा रात्रि 8 बजे देवनारायण मंदिर, सुभाष नगर से प्रारम्भ होकर रामगंज मेला क्षेत्र की परिक्रमा एवं महाकाली अखाड़ा प्रदर्शन करते हुए बालाजी मंदिर पर राम आरती के साथ सम्पन्न होगी जिसमें भगवान राम दरबार सजाया जायेगा तत्पष्चात् दिनांक 18 सितम्बर बुधवार को विषाल मुख्य मेला प्रारम्भ होगा जिसमें सभी श्रृद्धालु उपस्थित होकर झांकियों के प्रदर्शन के साथ मध्य रात्रि मेला समापन होगा।

# पर्युषण पर्व का छठा दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में मनाया

**अजमेर,** (कासं)। श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र जैन नगर नाकामदार अजमेर में पर्वराज दशलक्षण महापर्व महोत्सव की श्रृखंला में आज छठे दिन सुंगध दशमी व्रत का उद्यापन समाज की महिलाओं द्वारा पूर्ण हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ किया गया।

मंत्री विनीत कुमार जैन ने बताया कि पर्वराज दषलक्षण महापर्व पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज एवं परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या बाल ब्र. बहन कल्पना दीदी व बाल ब्र. बहन सुलोचना दीदी का मंगल सानिध्य प्राप्त हो रहा है। आज पर्युषण पर्व का छठा दिवस है, जो उत्तम संयम् धर्म के रूप में मनाया गया। संयम का आषय है संकल्प पूर्वक समीचीनता के साथ मन-वचन-काय की प्रवृत्ति पर अंकुष लगाना। जो मृत्यु रूपी यम का संहार करने में समर्थ है वह है "संयम"। जब यह आत्मा नये शरीर को धारण रकती है उसे जन्म तथा जब पूराने शरीर को छोड़ती है तो उसे मरण कहते है, इन जन्म-मरण के दु:ख से छुटकारा दिलाने वाला संयम ही है।

संयमित जीवन ही लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। दो किनारों के मध्य नियन्त्रित रहने वाली नहीं समस्त प्राणियों को तृषा प्यास को व संताप को शांत करती हुई सागर का रूप ले लेती हे यदि दोनो किनारों में से एक का भी उल्लंघन करती है तो वह संहारक और विनाषकारी बन जाती है। साथ ही अपने अस्तित्व को भी खत्म कर देती है। नदी की तरह ही हमारा जीवन तो संयम के तटों का सहारा लेकर आगे जाकर परमात्मा रूपी सागर में विलीन होता जाता है। यदि संयम की रक्षा करनी है तो संयमी के बीच में रहो। संयमी की संगति होने से संयम में वृद्धि होती है।

- **'संयमी की संगति होने से संयम में वृद्धि होती है'**

कार्यक्रम की श्रृंखला में आज छठे दिन पर प्रातः 6 बजे से जिनाभिषेक/शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी ओमप्रकाश निशिकांत सिद्धार्थ, गौतम जैन साहुला, श्रावक श्रेष्ठी पूरनचंद राजकुमार अजय कुमार विजय कुमार जैन अगरिया, श्राविका रत्न कमलादेवी जैन मातुश्री विनीत कुमार अमित कुमार धीरज कुमार जैन साहबजाज, श्रावक श्रेष्ठी सुनील कुमार मृणाल कुमार जैन कठेरिया, श्रावक श्रेष्ठी अशोक कुमार केशव कुमार पुनीत जैन उन्नेरिया, श्रावक श्रेष्ठी रत्नस्वरुप देवेंद्र कुमार दिलीप कुमार राजेश जैन साहूला, श्रावक श्रेष्ठी कालीचरण अभिनंदन कुमार नितेश जैन घीया परिवार को प्राप्त हुआ। प्रातः 7 बजे से संगीतमय नित्य पूजन/ श्री दशलक्षण महामंडल विधान पूजन, प्रातः 9.30 बजे से तत्त्वार्थ सूत्र वाचन व व्याख्या (विदुषी आदरणीय बा.ब्र. दीदी द्वारा), मध्याह्न 3 बजे स्वाध्याय, सायं 6.30 बजे से श्री भक्तामर स्त्रोत दीप महाअर्चना एवं संगीतमय महाआरती करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी कालीचरण अभिनंदन कुमार नितेश जैन घीया परिवार को प्राप्त हुआ। सायं 7.45 बजे से सामायिक/ प्रतिक्रमण (दीदी द्वारा), रात्रि 8.15 बजे से शास्त्र सभा, (आगमवेता आदरणीय बा.ब्र. कल्पना दीदी द्वारा शौच धर्म पर मार्मिक व अध्यात्मिक प्रवचन एवं प्रश्नमंच), रात्रि 9 बजे धार्मिक हाउजी आदि सृष्टि महिला मण्डल के सहयोग से ब्रहमचारणी दीदी द्वारा कराया गया। आज के कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण में सहयोग विरेन्द्र कुमार नमन कुमार जैन बाडमेर वालो के द्वारा किया गया।

## यूनेस्को 21 श्रेष्ठ हिन्दी विशेषज्ञों का सम्मान करेगा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा द्वारा हिन्दी दिवस पर हिन्दी सौरभ सम्मान समारोह का आयोजन 14 सितम्बर शनिवार को अपरान्ह 3 बजे रा.उ.मा.वि. राजेन्द्र मार्ग स्कूल में किया जायेगा।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी योगेश पारीक होंगे। समारोह की अध्यक्षता स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जवाहर फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष व एलएनजे गुरप के ओएसडी राजनीश वर्मा, राजेन्द्र मार्ग स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम लाल खटीक उपस्थित रहेंगे। जिला यूनेस्को एसोसिएशन के सचिव जगदीश मून्दड़ा ने बताया कि यूनेस्को के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित चयन कमेटी द्वारा चयनित किये गये 21 हिन्दी विशेषज्ञों का हिन्दी दिवस पर हिन्दी भाषा के क्षेत्र में उन्नयन कार्य करने वाले साहित्यकार, शिक्षक, लेखक सहित हिन्दी विशेषज्ञों का मोमेंटों, प्रशस्ति पत्र भेंटकर हिन्दी सौरभ सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (शाहपुरा)**

E-Mail Id- mhjahazpur@gmail.com **आपत्ति आमंत्रण सूचना** Phone No 01485-294101

कमांक/नपाज /भूमि / 2024-25 / 1897 दिनांक : 12.9.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा अपनी पुस्तेनी आवास या क्रयशुदा भूखण्ड / मकान का स्वामित्व प्रमाण पत्र चाहने हेतु नगर पालिका जहाजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है, उक्त बाबत किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के लिखित में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्राप्त आपति मान्य नही होगी तथा एकतरफा कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम व पता | भूखण्ड संख्या/स्थान का नाम | क्षे. वर्गमीटर | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अल्ताफ हुसैन पुत्र श्री उस्मान गनी, वार्ड नं. 16 नौ चौक, जहाजपुर। | वार्ड नं 16 नौचौक पार्क के सामने जहाजपुर | 123.3 | उदय लाल का मकान | हनुमान अग्रवाल का मकान | आम रास्ता 25 फीट | गोवर्धन कुमार का मकान | स्वामित्व प्रमाण पत्र हेतु |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जहाजपुर



**कार्यालय नगरपालिका कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)**

Email : co.mcorp kuchaman@rajasthan.gov.in munibkcity@gmail.com | फोन नं. 01586-220022, 01586-221526

क्रमांक-.- न.प.कु./S.I../2024-25/3811 दिनांक - 12.09.2024

**ठेका की आम निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद् कुचामन सिटी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए ''न्यू बस स्टैण्ड स्थित प्राईवेट बसों हेतु उपलब्ध स्थान का उपयोगिता शुल्क वसूली का ठेका'' का निस्तारण आम निलामी बोली के आधार पर किया जाना है। निलामी बोली कार्यालय परिसर में दिनांक 17.09.2024 को दोपहर 3.00 बजे से सांय 4.00 बजे के मध्य तक बुलवाई जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, ठेकेदारों को निम्न विवरण अनुसार आम निलामी बोली में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है। ठेकों की शर्तें एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय से ली जा सकेगी -

| क्रसं. | ठेका विवरण जो आम निलामी बोली द्वारा दिया जाना है। | अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1 | न्यू बस स्टैण्ड स्थित प्राईवेट बसों हेतु उपलब्ध स्थान का उपयोगिता शुल्क वसूली का ठेका | 5000/- |

(आसिफ खान) सभापति नगरपरिषद् कुचामन सिटी | (पी.एल.जाट) RMS आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी

